# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापरा, जयपुर – 302018

---

क्रमांकः प.15(5)RSSB/नियम/की–वेलिडेशन/प्रेस नोट/2024/ दिनांकः

## -:: प्रेस–नोट ::-

बोर्ड द्वारा **04.01.2025, 05.01.2025** एवं **10.01.2025** को **कनिष्ठ अनुदेशक (इंफोर्मेशन एण्ड कम्यूनिकेशन टेक्नोलोजी सिस्टम मेंटेनेंस) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: V125**), **कनिष्ठ अनुदेशक (सोलर टेक्निशियन इलेक्ट्रिकल) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: W129**), **कनिष्ठ अनुदेशक (वायरमैन) सीधी भर्ती-2024**, (परीक्षा कोड**: X131**), **कनिष्ठ अनुदेशक (कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा)) सीधी भर्ती-2024**) (परीक्षा कोड**: T126**) एवं **कनिष्ठ अनुदेशक (इलेक्ट्रोनिक्स मैकेनिक) सीधी भर्ती-2024**, (परीक्षा कोड**: T128**) ऑफलाइन आयोजित की गयी है तथा दिनांक **07.01.2025, 08.01.2025** एवं **09.01.2025** को **कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिकल मोटर व्हीकल) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: MMV15**), **कनिष्ठ अनुदेशक (वेल्डर) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: WEL16**), **कनिष्ठ अनुदेशक (प्लम्बर) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: PLM17**), **कनिष्ठ अनुदेशक (कॉस्मेटोलॉजी) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: COS18**), **कनिष्ठ अनुदेशक (टर्नर) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: TUR19**) एवं **कनिष्ठ अनुदेशक (सुईंग टेक्नोलॉजी) सीधी भर्ती-2024** (परीक्षा कोड**: SWT20**) **CBT Cum OMR Mode** में आयोजित की गयी है। उक्त सभी परीक्षाओं के मास्टर प्रश्न पत्रों तथा इनकी प्रारम्भिक उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट **www.rssb.rajasthan.gov.in** पर जारी कर दी गयी है।

**माननीय उच्च न्यायालय के आदेश के अनुसरण में जिन अभ्यर्थियों ने ऑफलाइन आवेदन किया है एवं परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं**, इनमें से यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र में सम्मिलित किसी/किन्हीं प्रश्नों अथवा इसके/इनके उत्तर के संबंध में कोई आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ **दिनांक 26-03-2025** समय **प्रातः 10:00 बजे** से **दिनांक 28-03-2025** समय **सायः 06:00 बजे तक** अपनी ऑफलाइन आपत्ति निर्धारित प्रपत्र (संलग्न) में व्यक्तिशः उपस्थित होकर **बोर्ड कार्यालय के स्वागत कक्ष** में जमा करवा सकते हैं। **उल्लेखनीय है कि केवल वे ही अभ्यर्थी जिन्होनें ऑफलाइन आवेदन किया है एवं परीक्षा में सम्मिलित हुये हैं, निर्धारित समयावधि में ऑफलाइन आपत्ति प्रस्तुत कर सकेंगे, अन्य अभ्यर्थीगण नहीं।**

परीक्षार्थियों को परीक्षा में अलग–अलग सेट के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराये गये हैं। अपलोड किये गये मास्टर प्रश्न पत्र में उनको उपलब्ध कराये गए प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न अलग–अलग क्रमांक पर सम्मिलित हैं। उनके प्रश्न पत्र में किसी प्रश्न के उत्तर के दिये गये विकल्पों का क्रम भी अपलोड किये गये मास्टर प्रश्न पत्र के प्रश्न के उत्तर के विकल्पों में भिन्न क्रम में हो सकता है। **अतः यह भी सूचित किया जाता है कि वे बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किये गये मास्टर प्रश्न पत्र की प्रश्न संख्या व उत्तर के विकल्पों के क्रम के आधार पर ही अपनी आपत्तियाँ दर्ज करें। इसका ध्यान अवश्य रखें।**

बोर्ड द्वारा **प्रत्येक आपत्ति का शुल्क रू. 100/-** निर्धारित किया गया है। इस हेतु अभ्यर्थी **सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, दुर्गापुरा, जयपुर** के नाम से प्रति प्रश्न रू 100/- की दर से देय शुल्क का पोस्टल ऑर्डर आपत्ति के साथ संलग्न करें। शुल्क के अभाव में आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जायेगी। **अन्य किसी माध्यम से अथवा निर्धारित तिथि के बाद भेजी गई आपत्तियाँ स्वीकार नहीं की जायेगी।** आपत्तियाँ केवल एक बार ही ली जायेगी। आपत्तियों के लिये Standard, Authentic पुस्तकों के प्रमाण ऑफलाईन संलग्न करें। ऐसे प्रमाण के प्रत्येक पृष्ठ पर अपना रोल नम्बर और संबंधित प्रश्न की क्रम संख्या अंकित कर ही जमा करावें। संदर्भ में पुस्तक का नाम, लेखक/लेखकों के नाम, प्रकाशक का नाम, संस्करण वर्ष और पृष्ठ संख्या भी लिखा जाना आवश्यक है। वांछित प्रमाण संलग्न नहीं होने की स्थिति में आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। **यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा ऑफलाइन आपत्ति दर्ज करते समय साक्ष्य के मूल कन्टेन्ट (Original Text) में कूटरचना कर अपलोड किया जाता है तो ऐसे अभ्यर्थी के विरूद्ध बोर्ड के विनिमयों के अन्तर्गत कार्यवाही तथा आपराधिक प्रकरण दर्ज कराने की कार्यवाही की जावेगी।**

**परीक्षार्थी द्वारा आपत्ति शुल्क के पेटे अधिक जमा कराई गई राशि का किसी भी स्थिति में रिफण्ड नहीं होगा।** अतः वे आवश्यकतानुसार देय शुल्क ही जमा करावें।

**(डॉ. बी. सी. बधाल)**
**सचिव**

---

क्रमांकः प.15(5)RSSB/नियम/की-वेलिडेशन/प्रेस नोट/2024/ दिनांकः

**प्रतिलिपिः**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग राजस्थान, जयपुर को प्रेषित है। कृपया इसका राज्य में प्रकाशित होने वाले निम्नांकित समाचार पत्रों के नवीनतम संस्करण में निःशुल्क प्रकाशन करावें :–
   1) राजस्थान पत्रिका
   2) दैनिक नवज्योति
   3) दैनिक भास्कर
2. डाक अनुभाग, RSSB। ऑफलाइन आपत्तियाँ निर्धारत प्रपत्र में प्राप्त होने की अन्तिम दिनांक के शीघ्र बाद प्राप्त ऑफलाइन आपत्तियों की प्रति मय हार्ड कॉपी तथा संलग्न दस्तावेजों को प्रश्नवार नियम अनुभाग, RSSB में प्रेषित किया जाना सुनिश्चित करें।

**सचिव**

RajKaj Ref No.: 14295301

# ऑफलाइन आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित प्रपत्र

**Exam Name: ............................................**
**Exam Code: ...........................................**
**Exam Date:...............................................**

| Sr No. | Candidate Name | Roll No. | Application No. | Question No. | Answer | **Objection Type**<br>(• Answer Is Wrong<br>• Answer Is Wrong, Different In Hindi And English Translation Of Question<br>• Answer Is Wrong, Multiple Options Are Right<br>• Answer Is Wrong, Other Objection Type (Please Specify In Remarks)<br>• Multiple Options Are Right<br>• Multiple Options Are Right, Other Objection Type (Please Specify In Remarks)<br>• Multiple Options Are Right, Question Is Wrong/Vague<br>• Other Objection Type (Please Specify In Remarks)<br>• Question Is Wrong/Vague) | Mobile No. | Email Id | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | |
| 4 | | | | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | | |
| ... | | | | | | | | | |

Signature Not Verified

Digitally Signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date :24-03-2025 03:08:44